कीस ने आयोजित किया वर्चुअल मेगा अभिभावक सम्मेलन

27दिसंबर को भुवनेश्वर स्थित विश्व के सबसे बड़े आदिवासी आवासीय विद्यालय द्वारा वर्चुअल मेगा अभिभावक सम्मेलन 2020 आयोजित किया गया । सम्मेलन में लगभग एक लाख से अधिक कीस एल्यूमिनी के छात्र–छात्राओं,अभिभावकों तथा कीस के शुभचिंतकों आदि ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में कीट–कीस के प्राणप्रतिष्ठाता तथा कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो अच्युत सामंत ने सबसे पहले कीस के 30हजार से भी अधिक बच्चों तथा उनके अभिभावकों का हालचाल जाना। प्रो सामंत को तब अत्यधिक खुशी का अहसास हुआ जब उनके कीस के बच्चों के अभिभावकों ने उन्हें यह बताया कि उनके बच्चे गांव पर रहकर पढ़ते भी हैं तथा खेती से लेकर अनेक सामाजिक कार्यों में उनका सहयोग भी करते हैं। प्रो अच्युत सामंत ने अभिभावकों को यह बताया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिसको अपनाकर उनके बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। अपने व्यक्तित्व का पूर्णतः विकास कर सकते हैं तथा गरीबी का उन्मूलन कर सकते हैं। इसलिए कोरोना संक्रमण के वक्त भी कीस के बच्चों को अपनी ऑनलाइन पढ़ाई के साथ–साथ अपने अभिभावकों के कामों में सहयोग देना चाहिए। गौरतलब है कि मार्च,2020 से लगातार प्रो अच्युत सामंत ने कीस के तीस हजार से भी अधिक बच्चों को नियमित रुप से उनको अपने अपने गृहगांव पर सूखा खाद्यसामग्री से लेकर उनके पठन–पाठन आदि से जुड़े समस्त संसाधन निःशुल्क उपलब्ध कराते हैं। अभिभावक सम्मेलन को कीस डीम्ड विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सस्मितारानी सामंत,डा पी के राउतराय कीस डीम्ड विश्वविद्यालय के कुलसचिव,श्री निरंजन बिसी ,आदिवासी महासंघ पश्चिम ओडिशा के सेकरेटरी जेनरल ,श्री प्रभाकर ओराम,झारसुगुड़ा,लंबोदर सिंह,मयूरभंज,कमरध्वज नायक केंदुझर,घासीराम समृतिका रायगड़ा,परमानंद माझी,कालाहाण्डी तथा श्री सुशील देहुरु, बौध आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद कुमार पात्र कीस के डेपुटी सीइओ कीस ने किया। अशोक पाण्डेय